**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.05.2026　　　　　　　　　　समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा तय की।
2. भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
3. द्वीपसमूह में कक्षा बारहवीं का पास प्रतिशत इक्यासी दशमलव शून्य आठ रहा।
4. खराब मौसम के चलते मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह।

<><><><><><><>

सरकार ने अग्रिम प्राधिकरण योजना के अंतर्गत सोने के आयात पर एक सौ किलोग्राम की सीमा तय कर दी है। यह योजना आभूषण निर्यातकों को शून्य शुल्क पर कच्चे माल का आयात करने की अनुमति देती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा है कि इस योजना के तहत निर्यातक एक बार में अधिकतम एक सौ किलोग्राम सोना ही बिना किसी शुल्क के मंगा सकते है। महानिदेशालय ने पहली बार अवेदन करने वालो के लिए विनिर्माण संयंत्रों का भौतिक निरीक्षण अनिवार्य कर दिया है, ताकि उनकी परिचालन स्थिति और क्षमता का पता लगाया जा सके। इसमें यह भी कहा गया है कि दोबारा बिना शुल्क सोने के आयात के लिए कंपनी को अपने पिछले टारगेट का कम से कम 50 प्रतिशत निर्यात पूरा करना होगा।

<><><><><><><>

जनजाति सांस्कृतिक समागम के अवसर पर  24 मई को महान जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के लाल किला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस समागम में देशभर के 500 से अधिक जनजातियों के डेढ़ लाख प्रतिभागियों के उपस्थित होने की संभावना है। इस अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो पांच विभिन्न स्थलों से प्रारंभ होकर जनजातिय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करेगी। ये यात्रा लाल किले पर सम्पन्न होंगी, जहाँ गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आठ जून से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश राजर्षि भारद्वाज और माननीय न्यायाधीश रितोब्रतो कुमार मित्रा मामलो की सुनवाई करेंगे ।

<><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वीप समूह में 'त्वरित नस्ल सुधार कार्यक्रम – लिंग–वर्गीकृत वीर्य' योजना को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है, जो डेयरी किसानों के लिए उपयोगी होगा। यह योजना उन्नत प्रजनन तकनीक किसानों को अपने डेयरी पशुओं के दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद करेगी। वर्तमान में, उन्नत जर्सी क्रॉस–ब्रीड और साहीवाल नस्ल के 'लिंग–वर्गीकृत वीर्य' की खुराकें सभी पशु चिकित्सा अस्पतालों और औषधालयों के माध्यम से किसानों को अत्यधिक रियायती दर पर, मात्र 250 रुपये प्रति खुराक के हिसाब से उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों की पूर्ण संतुष्टि न होने पर इस योजना में पैसे वापसी की नीति भी शामिल है। विभाग ने द्वीप समूह के सभी पशुपालक किसानों से अपील की है कि वे पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए इस योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम पशु चिकित्सा अस्पताल अथवा औषधालय से संपर्क किया जा सकता हैं।

<><><><><><>

सशस्त्र पुलिस ईकाई की ओर से पुलिस उड़ान समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 18 मई से 17 जून तक पुलिस लाइन्स में निःशुल्क आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को गर्मियों की छुट्टियों के दौरान एक रचनात्मक, आकर्षक और ज्ञानवर्धक मंच प्रदान करना है। इस कैम्प में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी पेशेवर, प्रशिक्षक और विशेषज्ञ प्रतिभागियों को उन गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन देंगे जिनका उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य, रचनात्मकता, टीम वर्क, आत्मविश्वास निर्माण और सामाजिक मेलजोल को बढ़ाना है। इसमें. एथलेटिक्स, शतरंज ,. क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन ,योग, संगीत और नृत्य जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया है। यह सत्र सप्ताह के दिनों और शनिवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पुलिस लाइन और नेताजी स्टेडियम शामिल हैं, इच्छुक प्रतिभागी सभी कार्य–दिवसों में सुबह नौ बजे से शाम छह बजे के बीच, पुलिस लाइन स्थित पुलिस परिवार कल्याण केंद्र के प्रभारी के पास अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि कल है।

<><><><><><><>

ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (AISSCE) की ओर तेरह मई को कक्षा XII के नतीजे घोषित किए गए। CBSE वेबसाइट से डाउनलोड किए गए नतीजों के अनुसार, द्वीपसमूह के सभी मैनेजमेंट स्कूलों से कक्षा XII की परीक्षा में शामिल हुए 4948 छात्रों में से 4012 छात्र पास हुए हैं, जबकि 524 छात्रों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है। द्वीपसमूह का कुल पास प्रतिशत 81.08ः रहा। हालाँकि, 10 स्कूलों ने 100 प्रतिशत नतीजे हासिल किए। इन स्कूलों में केन्द्रीय विद्यालय नम्बर–1, जवाहर नवोदय विद्यालय छोलदारी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लॉन्ग आईलैंड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुस्नाबाद, विवेकानंद केंद्र विद्यालय लंबा लाईन, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, एनसीएस मिनी बे, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल मनारघाट शामिल है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एक या दो जगहों पर तेज हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है हवा की गति 50–60 किलोमीटर तक रहेंगी। जिससे समुद्र अशांत रहेगा मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे 19 मई तक समुद्र में न जाएं।

<><><><><><><>

पुलिस विभाग में विभिन्न ग्रुप 'B' अराजपत्रित और ग्रुप 'C' पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 26 मई की मध्यरात्रि तक कर दी गई है। पात्रता की शर्तें और अन्य निर्देश, संदर्भ के लिए उपलब्ध पूर्ण भर्ती सूचना में विस्तार से दिए गए हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन आवेदन में सुधार के लिए संशोधन खिड़की 28.मई की मध्यरात्रि तक खुली रहेगी। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार भर्ती प्रकोष्ठ पुलिस मुख्यालय से सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे के बीच संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

कार्मिक विभाग ने 'अमैल–गमेटेड क्लेरिकल कैडर' के कर्मचारियों को MACP योजना के तहत वित्तीय अपग्रेडेशन देने के मामलों पर विचार करने के लिए 'विभागीय स्क्रीनिंग समिति' की एक बैठक आयोजित की है। विभागीय स्क्रीनिंग समिति की सिफारिशों के अनुसार, 1 ग्रुप B (राजपत्रित), 54 ग्रुप B (अराजपत्रित) और 7 ग्रुप 'C' कर्मचारियों को इस योजना के तहत वित्तीय अपग्रेडेशन प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

विद्यार्थी विज्ञान मंथन ने विज्ञान केंद्र के सहयोग से राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन किया। इस राज्य स्तरीय शिविर में, 21 दिसंबर, 2025 को आयोजित कक्षा VI से XI तक के चुने हुए छात्रों को विजेता के रूप में चुना गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कल और 17 मई को IIT गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए चुना गया है। ये छात्र IIT गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम इक्यासी दशमलव शून्य आठ प्रतिशत रहा–इस समाचार को– **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने तीन दिवसीय बुनियादी आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने सांसद द्वारा उप–राज्यपाल से द्वीपसमूह में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की सिफारिश करने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाई है। जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने नीबूंतला में राजस्व शिविर आयोजित करने के समाचार को अपने पहले पन्ने के निचले हिस्से में जगह दी है।

<><><><><><><>